





## एक नजर में

### महापौर व निगम अध्यक्ष ने किया लक्ष्मी पूजन, शहर की सुख, शांति, समृद्धि के लिए मांगा आशीर्वाद , दिवाली की दी बधाई



**बुरहानपुर ।** शुभ मुहूर्त मे ने सुख समृद्धि प्रदाता लक्ष्मी जी का शास्त्रीय पद्धति से पूजन कर शहर के सुख समृद्धि शांति की कामना करते हुए शहर वासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई दी महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने देश भर में दिपावली धूमधाम से मनाई जा रही है इस शुभ अवसर पर नगर निगम परिसर में मां लक्ष्मी पूजन का आयोजन किया गया जिसमें नगर निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल,नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती अनीता अमर यादव,पूर्व महापौर अतुल पटेल,निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव आदि ने मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मां लक्ष्मी की पूजा का आयोजन किया गया। मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना करते हुए क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने कहा. पूरे देश दुनिया में आज की जो यह दीपावली है यह अलग ही हैं इस बार की दीपावली का विशेष महत्व है , कहा कि लक्ष्मी पूजा का आयोजन भव्य किया गया है। इसमें निगम अधिकारी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि मां लक्ष्मी की पूजा से धन संपत्ति की भरमार होती है। उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महालक्ष्मी देवी धन धान्य की अधिष्ठात्री हैं। इनके पूजन से दरिद्रा का नाश होता है तथा धन वैभव की प्राप्ति होती है। इस मौके पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती अनीता अमर यादव , पुर्व महापौर अतुल पटेल,निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक संदीप तिवारी,जन संपर्क अधिकारी हरिश मोरे ,लेखा अधिकारी सजनलाल उईके, बसंत पाटिल ,चंद्रशेखर रवाये आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### मन्नाडे की 12वी पुण्यतिथि पर 24 अक्तूबर को प्रदान किए जाएंगे तीन अलंकरण




**बुरहानपुर।** सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक मन्नाडे की 12 वी पुण्यतिथि पर संगीत साधना एवं साहित्य सोसायटी द्वारा एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया हैएजिस में तीन अलग अलग क्षेत्र में कार्य करने वाली महान विभूतियों को मन्नाडे अलंकरण 2025 दिया जाएगाएजिस में संगीत एसमाज सेवाएएवं व्यवसाई सम्मिलित है। संगीत साधना एवं साहित्य सोसायटी के अध्यक्ष विलास गोसावी एवं उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने बताया कि प्रति वर्ष प्रसिद्ध गायक कलाकारों का जन दिवस एवं पुण्यतिथि संस्था द्वारा मनाई जाती हैं ।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय सांसद खंडवा लोकसभा श्रीमान ज्ञानेश्वर पाटिल जीए महापौर श्रीमती माधुरी पटेल जी एश्रीमान मनोज माने जी जिला अध्यक्ष भाजपाएश्रीमान ठाकुर सुरेंद्र सिंह शेरा भैया पूर्व विधायकए वैद्य सुभाष माने श्रीमान रामदास सेठ शिवहरे पूर्व विधायकए श्रीमान सतीश अग्रवाल एसमाजसेवीएश्रीमान मनोज लधवे जी पूर्व अध्यक्ष भाजपा एश्रीमती श्रुति मजूमदार जी महिला संयोजक श्रीमतीएआस्था राय प्राचार्य निमाड़ वेली स्कूलएश्रीमती प्रेमलता साकले सुकूनए साहित्यकारएश्रीमान अतुल पटेल जी पूर्व महापौरएआदित्य वीर सिंह ठाकुरएवरिष्ठ सदस्य दिलीप जोशीए पूनमचंद पांडेए सैयद शकील मुन्ना भाईएमधुकर वाघलेए साहित्यकारए शरद पटेल समाजसेवी एवं व्यवसाईएविधि सलाहकार ए पत्रकारएडॉक्टर सभी संगीत प्रेमी सादर आमंत्रित हैं ।कार्यक्रम संगीत साधना एवं साहित्य सोसायटी कार्यालय शिकारपुरा बुरहानपुर पुराना आयुर्वेदिक कॉलेज शिकारपुरा में शाम 7 बजे से आयोजित किया गया है।

### श्रीमती अंजली मोरे का निधन, दी श्रद्धांजलि



**बुरहानुपर।** मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक हियेन्द्र मोरे की माताजी श्रीमती अंजली पति स्व.ओंकार मोरे का 80 वर्ष की आयु में गत दिवस निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान श्रीमती अंजली पति स्व.ओंकार मोरे के निधन पर समाजनो,परिजनो एवं गणमान्यों ने शोक व्यक्त करते हुवे शोक श्रद्धॉजली अपर्ति की।

### सीएमडी ने पत्नी के साथ की पूजा-अर्चना



**नेपानगर।** नगर में शनिवार से पांच दिवसीय महालक्ष्मी देवी महोत्सव का शुभारंभ हुआ। महालक्ष्मी समाजसेवी संस्था छत्रपति शिवाजी मित्र मंडल द्वारा आयोजित इस महोत्सव की शुरुआत 18 अक्टूबर को 21 जोड़ों द्वारा देवी महालक्ष्मी की स्थापना के साथ हुई थी। यह महोत्सव 23 अक्टूबर तक चलेगाए जिसमें प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं। साथ ही पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन भी हुआ। दीपावली की रात यहां नेपा मिल सीएमडी अरविंद वढ़ेरा अपनी पत्नी के साथ यहां पहुंचे और पूजा अर्चना की। वहीं मंगलवार शाम 7ण्30 बजे आरतीए रात 8ण्30 बजे बच्चों की डांस स्पर्धाए रात 10ण्30 बजे पुरस्कार वितरण किया गया। आज बुधवार को शाम 7ण्30 बजे आरतीए रात 8ण्30 बजे आर्केस्ट्रा होगा। वहीं कल गुरुवार को शाम 4 बजे माता का विसर्जन होगा। इसमें महिलाएं लाल साड़ी और पुरुष सफेद कुर्ता पायजामाए शर्ट में शामिल होंगे।

### जिलाबदर आरोपी को क्षेत्र में घूमते पकड़ा

**नेपानगर।** नेपा थाना पुलिस ने एक जिला बदर आरोपी को क्षेत्र में घूमते हुए पकड़कर उसके खिलाफकेस दर्ज किया। जिला बदर आरोपी सखाराम उर्फतक्सया पिता शंकर उर्फकठा 30 निवासी चारणवाड़ी सीवल को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के खिलाफकलेक्टर ने 4 नवंबर 2024 को एक साल के लिए बुरहानपुर और उससे लगे सीमावर्ती जिलों खंडवाए खरगोनए हरदाए बड़वानी जिले की सीमा से बाहर चले जाने का निष्कासन आदेश जारी किया था। आरोपी की जिला बदर अवधि अभी खत्म नहीं हुईए लेकिन वह फिर भी क्षेत्र में घूम रहा था। टीआई ज्ञानू जायसवाल ने बताया आरोपी के खिलाफकेस दर्ज किया गया।

# अर्धनग्न होकर हजारों किसानों ने निकाली पैदल रैली, सौंपा ज्ञापन

## केला फसल बीमा लागू करने और एमएसपी की मांग को लेकर कल से धरना प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले में केला उत्पादक किसान 7 साल से केले पर बंद मौसम आधारित फसल बीमा, केला और मक्का के उचित दाम नहीं मिलने से सरकार के खिलाफ लामबंद हो गए है जिले के आदिवासी ब्लॉक खकनार में किसानों ने बडी संख्या में अर्धनग्न प्रदर्शन किया सीएम डॉ मोहन यादव के नाम ज्ञापन देकर अपनी मांग दोहराई साथ ही किसानों ने 23 अक्टूबर को अपनी मांगों को मनवाने के लिए विशाल धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया।

**महाराष्ट्र में केला उत्पादक किसानों को मौसम आधारित बीमा :-** प्रदर्शन कर रहे किसान किशोर वासनकर ने बताया पडोसी राज्य महाराष्ट्र में केला उत्पादक किसानों को मौसम आधारित बीमा का लाभ मिल रहा है हाल ही में आई आपदा के चलते महाराष्ट्र के केला उत्पादक किसानों को करोडो रूपए फसल बीमा राशी का लाभ मिला उन्होने बताया दीपावली से 2 दिन पूर्व ही मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले में किसानों को केली का फसल बीमा ना मिलने पर और केली की खरीदी एमएसपी दरों पर करने को लेकर शर्ट और चप्पल उतार फेंकी थी।

**सम्पूर्ण भारत में किसानों की फसल का बीमा, परंतु मध्यप्रदेश में क्यों नहीं:-** किसान किशोर वासनकार का कहना है कि पूरे भारत में किसानों को फसल बीमा दिया जा रहा है परंतु मध्यप्रदेश के जिला बुरहानपुर में किसानों को केला फसल बीमा 2018 से बंद कर दिया है। जिससे किसानों को भरी नुकसान उठाना पड़ रह है आज हमारे यहां के किसानों के पास दीपावली पर्व पर खुदके और बच्चों के लिए नए कपड़े फटाखे खरीदने के तक पैसे नहीं है इसलिए उन्होंने प्रण लिया है कि जब तक किसानों को केला फसल बीमा और फसल एमएसपी पर नहीं खरीदी जाती तब तक वह शर्ट और चप्पल नहीं पहनेंगे। उनकी जिद् और लगन को देखते हुए उनके साथ मंगलवार को भरी संख्या में किसान पैदल रैली में शामिल हुए और तहसीलदार को पत्र सौंपा गया जिसमें सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य और केला फसल बीमा लागू करने की मांग की गई है उनकी मांग पूरी नहीं होने पर दिनांक 23 अक्टूबर को सभी किसानों द्वारा किशोर वासनकार के नेतृत्व में अर्धनग्न होकर शांति पूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया गया है

नाराज किसान किशोर वासनकार ने बताया जिले में किसान परेशान है किसानों हालत इतनी खराब है कि आज दीपावली के त्यौहार पर हम हमारे बच्चों को कपड़े और फटाखे भी दिलाने में समर्थ नहीं है। किसानों ने एक महीने पहले ही जिला कलेक्टरए प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह को समस्या से अवगत कराया था परंतु अभी तक किसी ने हमारी समस्या को संज्ञान में नहीं लिया है इसलिए आज हम सभी किसान आज तहसीलदार को पत्र देने आए है इसमें हमारी मांग है कि सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य और केला फसल बीमा लागू हो नहीं तो हम शांतिपूर्ण तरीके से 23/10/2025 से धरना प्रदर्शन करेंगे।

## बुरहानपुर के दूरस्थ ग्राम नांदगांव देवला में चिटनिस ने ग्रामीणों के साथ मनाई दीपावली



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** दीपों के पावन पर्व दीपावली के अवसर पर विधायक एवं मध्यप्रदेश की पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बुरहानपुर के ग्राम धामनगांव के दूरस्थ उपग्राम नांदगांव एवं देवला पहुंचकर ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों के साथ दीपावली का उत्सव मनाया।

श्रीमती चिटनिस के आगमन से गांव में उत्साह और उल्लास का वातावरण छा गया। आदिवासी बच्चों ने तालियों और मुस्कानों से उनका स्वागत कियाए वहीं महिलाओं ने पुष्पमालाओं से अभिनंदन कर गांव में दीपों की ज्योति प्रज्ज्वलित की। पूरा गांव आतिशबाजी के साथ रोशनीए हंसी और खुशियों से जगमगा उठा।

श्रीमती चिटनिस ने स्वयं अपने हाथों से मिठाई और पटाखे वितरित किए तथा बच्चों के साथ बैठकर दीप जलाए। उन्होंने बच्चों के साथ आतिशबाजी की और ग्रामवासियों को प्रेमए भाईचारा और एकता का संदेश दिया। ग्रामीणों ने कहा कि यह पहली बार हुआ जब किसी जनप्रतिनिधि ने उनके बीच आकर दीपावली का पर्व मनाया।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं है, बल्कि यह समाज के हर व्यक्ति के जीवन में उम्मीद, उजाला और आत्मविश्वास का संचार करने का प्रतीक है। जब हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक यह रोशनी पहुंचाते हैं, तभी दीपावली का वास्तविक अर्थ साकार होता है। उन्होंने कहा कि दीपावली स्नेह के दीपक प्रज्वलित करने का त्यौहार है। स्नेह समरस हो। हम सब साथ मिल दीपोत्सव मनाए। श्रीमती चिटनिस ने बच्चों को शिक्षा और स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा ग्रामीण महिलाओं से संवाद करते हुए स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि जिस समाज में अंधकार की जगह ज्ञान का प्रकाश फैले, वही सच्चे अर्थों में प्रगतिशील समाज कहलाता है। कार्यक्रम के अंत में गांव की चौपाल पर सभी ग्रामवासियों के साथ बैठकर उन्होंने दीपावली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि आने वाले समय में बुरहानपुर का हर ग्राम आत्मनिर्भर और उज्जवल बने,यही दीपावली की सच्ची भावना है।

## गोवर्धन पूजा के अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा : गौमाता भारतीय संस्कृति और सनातन का पर्याय



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सांसद ज्ञानेश्वर पाटील,विधायक मंजू दादु सहित जनप्रतिनिधिगण ग्राम खडकोद के गायत्री परिवार के गौलोक धाम गौशाला में आयोजित गोवर्धन पूजा मैं सम्मिलित हुए एवं गौमाता का पूजन कर देशवासियों के सुख,समृद्धि एवं खुशहाली के लिए मंगल कामना की।

इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि गौमाता परमात्मा एवं प्रकृति के समान हमें जीवन देती हैं ।इस उत्सव का उद्देश्य हमारी संस्कृति और परंपराओं को संजोए रखना है। उन्होंने गौमाता के आशीर्वाद को सुख.समृद्धि और अभिलाषित फल प्रदान करने वाला बताया। हमारी गौ माता भारतीय संस्कृति और सनातन का पर्याय हैं, इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार सदैव प्रयासरत रही है और रहेंगी। प्रदेश सरकार द्वारा गौशालाओं के लिए जो अनुदान प्रति गौमाता को दिया जाता है उसमें बढ़ोतरी की है। आज समय आ गया है कि हम अपने गोवंश की रक्षा करें ।गाय के दूध से अधिक पोषक कुछ नहीं है ।इस अवसर पर नेपानगर विधायक मंजू दादू ने कहा कि गौमाता में अनेक गुण हैंएये प्रकृति और परमात्मा के समान आपके बच्चों को भी पालती है और अपने बच्चों को भी पालती हैं। उनका दूध अमृत के समान है इसलिए देवता भी अपने पास कामधेनु रखते हैं। हमे माँ शब्द देंने वाली गोमाता को प्रणाम।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर श्री हर्ष सिंह , एसपी श्री देवेंद्र पाटीदा,पूर्व राज्य मंत्री संजय जाधव, पूर्व महापौर अनिल भोंसल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती आशा पाटील, जिला पंचायत सदस्य अनिल राठोर, भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील, जिला उपाध्यक्ष आदित्य प्रजापति, पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील वाघे,डॉ दीपक वाभले, प्रमोद पाटील सहित गायत्री परिवार से जुड़े साधकजन मौजूद रहे।

## गौसेवा ही लोकसेवा का सर्वोच्च रूप, गौसंवर्धन समाज की सामूहिक जिम्मेदारी - अर्चना चिटनिस



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** ग्राम संग्रामपुर स्थित जीवदया गौशाला में आज पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने पूजन.अर्चन किया और गौसेवा का सौभाग्य प्राप्त किया। श्रीमती चिटनिस ने गोवर्धन देव का पूजन.अर्चन कर सबके लिए धन.धान्य,आरोग्यता और सुख.शांति की कामना की। साथ ही गौसेवा एवं गौ आधारित उत्पाद निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया।

पूजन के पश्चात श्रीमती चिटनिस ने उपस्थित ग्रामवासियों और गौसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि हमारी आस्था, समृद्धि और आरोग्य की प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि समाज और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से बुरहानपुर जिले की सभी गौशालाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया जाए। श्रीमती चिटनिस ने उपस्थित जनों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता अनुसार गौसेवा से जुड़कर समाज और संस्कृति की रक्षा में सहभागी बने। कार्यक्रम के अंत में विधायक अर्चना चिटनिस ने स्वयं गौमाता को चारा खिलाया और गौशाला की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि संग्रामपुर की यह पहल प्रदेशभर में गौसंवर्धन के जनआंदोलन का आदर्श उदाहरण है। कार्यक्रम का समापन जय गौ माता.जय गोवर्धन के जयघोष के साथ हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर हर्षसिंह, पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, वीरेन्द्र तिवारी, प्रदीप पाटिल, किशोर पाटिल, श्री मोढ़े, गोपाल चौधरी, सरपंच मुकेश पाटिल, नितिन महाजन, बलराज नावानी, नरहरी दीक्षित, संभाजीराव सगरे,दत्तु शंकर महाजन, जयकुमार जैन, शुभम जैन, जयेश राउत, भारत भोई सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## अज्ञात जंगली जानवर ने बकरी को बनाया शिकार



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** अज्ञात जंगली जानवर ने रतागढ़ में एक बकरी का षिकार किया। मनीष कैथवास निवासी रतागढ़ ने इसकी षिकायत वन विभाग को की जिसमें उसने बताया कि हमारे खेत के पास भाई की बकरी चरने के लिए गई थी। इस दौरान मदन चौधरी के खेत की मेढ़ पर अज्ञात जंगली जानवर ने बकरी का षिकार किया। उन्होंने वन विभाग से मुआवजा दिए जाने की मांग की।

## दिवाली की रात गन्ने के खेत में लगी आग,11 एकड़ का गन्ना जला, लाखों का नुकसान



**खेत मालिक मनीष पटेल बोले...**



खेत मालिक मनीष नरेन्द्र पटेल एवं पुनित नरेन्द्र पटेल ने बताया 11 एकड के खेत में गन्ना लगा हुआ था और यह गन्ना दिवाली के बाद कटाई के बाद शुगर मिल को जाना था लेकिन दिपावली की रात अज्ञात कारण से आग लगने से लगभग 10 से 12 लाखों रूपए का नुकसान हुआ है ,खेत मालिक का दावा है 70 प्रतिशत खडी गन्ने की फसल खराब हो गई है ।

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर के लालबाग थाना क्षेत्र के बाडा बुजुर्ग ग्रामीण इलाके के 11 एकड गन्ने के खेत में भीषण आग लग गई , आग क्यों लगी इसका खुलाया नही हुवा है। वही यह भी कहा जा रहा है कि दिपावली की रात खेत के आसपास रहवासी इलाके में जलाए जा रहे पटाखो से भी आग लग सकती है , खेत में रह रहे मजदूर परिवार ने आग देखी वैसे ही खेत मालिक मनीष नरेन्द्र पटेल को सूचना दी सूचना पर दिपावली की खूशिया मना रहे खेत मालिक मौके पर पहुंचे और आग की सूचना बुरहानपुर नगर निगम के अग्निशमन विभाग को दी । फायर फायटर वाहन के खेत तक पहुंचने में काफी मशक्कत करना पडी ,दरअसल खेत के बीचोबीच आग लगी थी करीब 3 से अधिक दमकल व कुछ पानी के टैंकरों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने के दौरान पुर्व महापौर अतुल भाई पटेल , अमित मिश्रा, देवादित्य सिंह, हर्षित ठाकुर, देवेश्वरसिह सहित कई जनप्रतिनिधी भी मौके पर पुहचे और आग बुझाने में सहयोग करते नजर आए।

**राजस्व अमले ने किया सर्वे:-** मंगलवार को आग लगे खेत में तहसीलदार प्रविण औहरीया एवं आरआई अमले के साथ पहुचे और सर्वेकर पंचनामा बनाया गया। नुकसानी का आकलन किया जाएगा, खेत मालिका का दावा है 10 सं 12 लाख रूपए से अधिक का नुकसान हुआ है।

**बीज निगम के खेत में लगी आग :-**दिपावली की शाम शहर की इंदिरा कॉलोनी के सामने बीज निगम के खेत में अचानक आग लग गई आग को देख राहगीरों ने नगर निगम कार्यालय को सूचना दी सूचना मिलते ही नगर निगम के दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया।

**महाजनापेठ के बंद पड़े घर में लगी आग :** -दिपावली के दिन शहर के वार्ड क्रमांक 1 महाजनापेठ में एक पूराने मकान में आग लग गई आग की सूचना मिलते ही नगर निगम के दमकल के अमले ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

**एक नजर** शहीद हुए पुलिसकर्मियों के सम्मान में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया...

## जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पुष्पचक्र व पुष्पमालाएं अर्पित कर दी शहीदों को श्रद्धांजलि







**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** अपने कर्तव्य का पालन करते हुए शहीद हुए पुलिसकर्मियों के सम्मान में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। विदित है किए 1959 में इसी दिन 10 सीआरपीएफके जवानों ने चीन से देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया था।

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर जिले में रेणुका पुलिस लाइन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज के सजग प्रहरी और सुरक्षा कवच पुलिसकर्मी जो अपने कर्तव्य का पालन करते हुए शहीद हुएए उन्हें सम्मान देते हुए पुलिस फोर्स द्वारा सलामी दी गई।

पुलिस शहीद दिवस कार्यक्रम में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस, नेपानगर विधायक सुश्री मंजू दादू, अध्यक्ष श्रीमति अनिता यादव, अन्य जनप्रतिनिधिगण,कलेक्टर श्री हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री देवेन्द्र पाटीदार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश,एसडीएम बुरहानपुर अजमेर सिंह गौड़ नगर पुलिस अधीक्षक श्री गौरव पाटील, थाना प्रभारीगण सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**सांसद ने पुलिस स्मृति दिवस पर वीर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर किया नमनः-** सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस हमें उन वीर पुलिसकर्मियों की याद दिलाता हैए जिन्होंने समाज और देश की रक्षार्थ प्राण न्यौछावर किये हैं। पुलिस देशभक्ति और जनसेवा का भाव ध्येय में लेकर दिन.रात जनता की सेवा में तत्पर रहते हुए अपने प्राणों का उत्सर्ग कर देते है। ऐसे सभी बलिदानी पुलिसकर्मियों को मैं सलाम करता हूं। आजादी से लेकर आज तक ऐसे कई कठिन मौकों पर पुलिसकर्मियों ने अपनी सार्थक भूमिका को सिद्ध किया है ।हिम्मत से भरे हैंए पराक्रम से परे हैंए आपके मजबूत कदम हर मुसीबत से बड़े हैंए आपके शौर्य को नमनए आपके प्रताप को प्रणाम हैए आप हमारा बल हैंए देश का अभिमान हैं। नेपानगर विधायक सुश्री मंजू राजेंद्र दादु ने कहा कि समाज में शांति और जनता की सुरक्षा के लिए जिन पुलिस जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी हैए उन्हें में श्रद्धांजलि समर्पित करती हु।

**अर्चना चिटनिस ने पुलिस शहीद स्मृति दिवस पर वीर जवानों को दी श्रद्धांजलिः-** पुलिस लाइन बुरहानपुर में आयोजित पुलिस शहीद स्मृति दिवस कार्यक्रम में लोकप्रिय जनप्रतिनिधि एवं पूर्व मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने सहभागिता कर अपने कर्तव्य पथ पर शहीद हुए वीर पुलिसकर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में पुलिस बल द्वारा राष्ट्र सेवा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस के ये वीर सिपाही केवल वर्दीधारी कर्मी नहीं, बल्कि समाज की शांति और सुरक्षा के प्रहरी हैं। उनके त्याग, शौर्य और अदम्य साहस से ही हम सभी सुरक्षित जीवन जी पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्तव्य के प्रति समर्पणए अनुशासन और देशभक्ति का जो उदाहरण हमारे पुलिस बल ने प्रस्तुत किया है, वह हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। श्रीमती चिटनिस ने शहीद परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि समाज और शासनए दोनों ही इन वीर सपूतों के परिवारों के साथ सदैव खड़े हैं। पुलिस शहीदों का बलिदान हमारे लिए केवल स्मृति नहीं, बल्कि प्रेरणा है कि हम अपने.अपने क्षेत्र में समर्पण और निष्ठा से कार्य करें। समाज की सुरक्षा और प्रगतिए इन्हीं मूल्यों पर आधारित है।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार ने पिछले एक वर्ष के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों के नामों का वाचन किया ।इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगणों एवं अधिकारियों ने पुलिस शहीदों के बलिदान के प्रतीक शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र एवं पुष्पमालाएं अर्पित कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी, इस दौरान सभी ने मौन भी धारण किया। सूबेदार नागेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा शहीद दिवस परेड का नेतृत्व एवं संजय गुप्ता द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।